


अनिल कुमार शर्मा
महापौर
कानपुर।

दूरभाष :
कार्या० न० नि० : 2294866
निवास : 2547100, 2542349
फैक्स : (0512) 2290793
9/1, आर्य नगर, कानपुर

# सन्देश

आपके पत्र दिनांक १५ मार्च, २००३ के माध्यम से, वैसे पूर्व से ही संज्ञान में है, अवगत हुआ कि पूर्ण चन्द्र विद्या निकेतन, बर्रा-२ कानपुर द्वारा लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी की स्थापना के द्वितीय वर्ष में समाज में संगीत एवं ललित कलाओं के पुनर्स्थापन हेतु आगामी ०७ अप्रैल, २००३ को "प्रथम वार्षिकोत्सव" करने जा रहा है जिसमें ख्याल गायक के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके सर्वश्री राजन-साजन मिश्र की स्वर लहरियाँ मोतीझील परिसर स्थित लाजपत भवन में गूँजेगी, हार्दिक प्रसन्नता हुई।

पुनःश्च आप द्वारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वीकृति के लिये भी पत्र में उल्लिखित किया गया है, के सम्बंध में आपकी भावनाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए स्वीकृति प्रदत्त करते हुए आयोजित कार्यक्रम की सफलता हेतु यथासम्भव सचेष्ट हूँ।

"स्वर ही ईश्वर है" यह उक्ति विश्व में विकसित राष्ट्रों में भी चरितार्थ होती परिलक्षित हो रही है क्योंकि आज प्रजातंत्र की चौथी आँख (पत्रकारिता) के माध्यम से पढ़ने को मिलता है कि छोटी-छोटी बीमारियाँ संगीत के द्वारा ठीक की जा रही हैं। इससे यह सिद्ध होता है कि संगीत केवल आमोद प्रमोद के लिये ही नहीं है वरन् आत्म शान्ति एवं परमात्मा प्राप्ति का मुख्य साधन भी है।

उपरोक्त के साथ-साथ अकादमी द्वारा विमोचित सामयिक स्मारिका की सफलता के लिये अपनी शुभ कामनायें सम्प्रेषित करता हूँ।

(अनिल कुमार शर्मा)